the State's exchequer is negligible. So, whatever funds they can generate, that itself would be sufficient for them to run the State. When several other States have been granted Statehood, what is the difficulty in granting Statehood to Pondicher-ry? Even for appointments and promotions, they have to look up to the Central Government. The Central Government is already burdened with so many problems and by giving Statehood to Pondicherry, the Central Government will be relieved of this burden. In this way they can have better administration. As a matter of fact, a small State can be administered in a better way and they will prove, Pondicherry to be the best administered State and there will be sufficient funds to meet the requirements. There cannot be any otherdifficulty or barrier for the Central Government to confer Statehood to Pondicherry. The hon. Home Minister is known for his independent thinking. In this way, the people o"f Pondicherry can also have freedom of speech, freedom of thinking and freedom of administration. With this, I support the Bill. The hon. Members from the Treasury Benches have also supported this Bill. So, it may not be difficult for the United Front Government to accept this demand by bringing forward a Government Bill itself for conferring Static pod to the State of Pondicherry, especially when it has been conferred on Uttarakhand. When the people of Pondicherry. If that is so, Mr. Narayanasamy can make arrangement for the agitation and get Statehood as the people of Uttarakhand got. But the people of Pondicherry need not goto that extent to get freedom by way of agitation against the Central Government. With these observations. I support the Bill moved by Mr. V. Narayanasamy with the hope that the Central Government will come forward with a Bill to confer Statehood to Pondicherry. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Pon-dicherry is already free. It is part of India. They don't need freedom. They need Statehood.

SHRI V. NARAYANASAMY: We are treated as second class citizens.

SHRI R. MARGABANDHU: That is why they want freedom. That freedom can be given to them by the Central Government. With this, I conclude my speech. Thank you. The unfortunate thing is that it has to get the concurrence of the Lt. Governor who is like a Governor is not an elected person. He is only a nominee or an appointee of the Central Government. That nominated person has got the veto power to withhold his consent to any Resolution or Bill passed by the State Assembly. That is a very, very sorry state of affairs. From 1954 onwards the Chief Minister and his Council of Ministers, MLAs who have been elected by the people were not able to exercise their power.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Mr. Margabandu, just a minute. The hon. Home Minister, Shri Indrajit Gupta says that he has to catch a flight and he would be leaving. Instead of the Home Minister, the Law Minister would reply to this debate.

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHA-JIRAO SHINDE (Maharashtra): He can reply next time.

THE VICE-CHAIRMAN (SMT. KAMLA SINHA): The Law Minister is here, he would reply.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam Vice-Chairman, I do not have any quarrel with the. Law Minister. I would welcome him to reply. But my problem is the hon. Home Minister as a General Secretary of the CPI.

THE MINISTER OF HOME AF-; FAIRS (SHRI INDRAJIT GUPTA): I had resigned. I am not the General i Secretary of the CPI.

SHRI V. NARAYANASAMY: Kindly hear me. Why are you in a hurry? When you were the General Secretary of the CPI, you visited Pondicherry to unveil the statue of a great leader, Shri V. Subbaiah. The State political leaders met you. As General Secretary of the CPI, you gave an assurance to them that your party's stand also was for Statehood. Now, I want to hear from you as home Minister whether you hold the same view or you have a double stand. Madam, I want the hon. Home Minister to reply to my question. I think this is the design of the Home Minister to avoid this House on this question.

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश): मैडम, अगर मंत्री महोदय स्टेटहुड का आश्वासन दे देते हैं तो हम बोलना छोड़ देंगे, ये भी आश्वासन देकर जा सकते हैं।

SHRI R. MARGABANDU: I would take very little time for my speech. Madam, as I said earlier, the Lt. Governor is a nominated person. He has got veto power over a democratic set-up. It is a very sorry state of affairs. Madam, the Lt. Governor is more powerful then the Council of Ministers and the Chief Minister. They are at his mercy. So, this sorry state of affairs should not be allowed to continue.

Madam, after 1950, when the Union Territories Act was enated, several Union Territories in our country were given Statehood. I can mention some of them. They are Manipur, Tripura, Arunachal Pradesh, Mizoram, Goa, Vindhya Pradesh, Himachal Pradesh, Meghalaya and several other Union Territories have got Statehood. The same can be extended to Pondicherry also. The population of Pondicherry is more than 10 lakhs. I think that would be sufficient for giving Statehood. As a matter of fact, they can themselves run the State administration. The taxes of the State are being taken away by the Central Government like excise duties and sales tax. A lot of money is being taken away by the Central Government. But their contribution to ; the State's exchequer is negligible. So, whatever funds they can generate, that | itself would be sufficient for them to run the State. When several other States have been granted Statehood, what is the difficulty in granting Statehood to Pondicherry? Even for appointments and promotions, they have to look up to the Central Government. The Central Government is already burdened with so many problems i and by giving Statehood to Pondicherry, the Central Government will be relieved of this burden. In this way they can have better administration.. As a matter of fact, a small State can be administered in a better way and they will prove Pondicherry to be the best administered State and there will be sufficient funds to meet the requirements. There cannot be any otherdifficulty or barrier for the Central' Government to confer Statehood to Pon dicherry. The hon. Home Minister is known for his independent thinking. In this way, the people of Pondicherry can also have freedom of speech, freedom of thinking and freedom of administration. With this, I support the Bill. The hon Members from the Treasury Benches have also supported this Bill. So, it may not be difficult for the United Front Government to accept this demand by bringing forward a Government Bill itself for conferring Statehopod to the State of Pondicherry, especially when it has been conferred on Uttarakhand. When the people of Uttara Khand agitated, they got it. I would like to know whether the Government expects any agitation from the people of Pondicherry. If that is so Mr. Narayanasamy can make arrange-, ment for the agitation and get Statehood as the people of Uttarakhand got. But the people of Pondicherry need not go to that extent to get freedom by way of agitation against the Central Government. With these observations. I support the Bill moved by Mr. V. Narayanasamy with the hope that the Central Government will come forward with a Bill to confer Statehood to Pondicherry. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Pondicherry is already free. It is part of India. They don't need freedom. They need Statehood.

SHRI V. NARAYANASAMY: We are treated as second class citizens.

SHRI R. MARGABANDHU: That is why they want freedom. That freedom can be given to them by the Centra] Government. With this, I conclude my speech. Thank you.

श्री महेश्वर सिंह: उपसभाध्यक्ष महोदया, पांडिचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने का जो गैर-सरकारी विधेयक माननीय सदस्य श्री नारायणसामी ने इस सदन में रखा है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदया, यह समर्थन मात्र एक औपचारिकता नहीं है क्योंकि मैं एक ऐसे प्रांत से आता हूं जो बड़े लंबे अरसे तक यूनियन-टैरिटरी कहलाता रहा और यूनियन-टैरिटरी के प्रतिनिधियों को, यूनियन-टैरिटरी की जनता को क्या-क्या सहन करना पड़ता है, मैं इस बात को भली-भांति जानता हूं और इसका भुक्तभोगी रहा हूं।

महोदया, जैसा कि आपको भी विदित होगा कि पांडिचेरी एक ऐसा प्रांत है जिसकी अपनी संस्कृति है और जिसका देश के स्वतंत्रता-संग्राम में एक बड़ा योगदान रहा है। यह लगातार 300 वर्षों तक फ्रांस की सरकार के अधीन रहा। सन 1954 में जब वहां रेफरेंडम हुआ था तो वहां की जनता ने अपना मत इस पक्ष में दिया कि वह भारतवर्ष में रहना चाहती है और 1954 में ही वहां विधानमंडल की स्थापना हुई। उस समय से वहां पर चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा चलती आ रही है। वहां 30 चुने हुए प्रतिनिधि हैं और मुख्यमंत्री हैं, 6-6 मंत्री हैं। विधानसभा वहां पर प्रस्ताव पारित करती है लेकिन इस प्रस्ताव का कार्यान्वयन इस बात पर निर्भर करता है कि राज्यपाल उसको अपनी स्वीकृति प्रदान करते हैं अथवा नहीं। अर्थात वहां पर चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा होने के बावजूद वे स्वतंत्र नहीं हैं। राज्यपाल महोदय को वहां वीटो पावर दी गई है। उनको पूरा अधिकार है कि जनभावनाओं से प्रेरित होकर जो प्रस्ताव वहां के जनप्रतिनिधि पारित करते हैं उसको वह एक कलम के झटके से रद्द करने का पूरा-पूरा अधिकार रखते हैं।

महोदया, जहां तक यूनियन टेरिटरी का संबंध है, मैं समझता हूं कि आज तो इस कंसेप्ट को ही समाप्त कर देना चाहिए। यह कंसेप्ट तो ब्रिटिश सरकार का था और यह कंसेप्ट उन्होंने इसलिए रखा था कि कोई भी राज्य बिल्कुल स्वतंत्र होकर फैसला न कर सके, रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में रहे इसलिए उन्होंने यह व्यवस्था बनाई। आज तो स्वतंत्र भारत है और पांडिचेरी इस देश का अभिन्न अंग है, स्वतंत्र प्रांत है इसलिए उसको बाकी प्रांतों की तरह स्वतंत्र अधिकार होने चाहिए, वहां की असेंबली में वहां के जनप्रतिनिधि जनहित में तो प्रस्ताव पारित करते हैं उनको इम्प्लीमेंट करने का अधिकार भी उनको ही होना चाहिए। यह तो पैरेलल काम वहां चल रहा है कि वहां प्रस्ताव पारित हो, फिर राज्यपाल महोदय पर निर्भर करता है कि वह उसको स्वीकृति प्रदान करते हैं या नहीं करते हैं और उनके रहमोकरम पर असेंबली चले, यह ठीक नहीं है। इसलिए वहां पर पूर्ण राज्य देने की मैं वकालत करता हूं और पुरजोर समर्थन करता हूं।

महोदया, जब भी केन्द्र में इस प्रकार की बात आती है तो वह कहते हैं कि अभी समय परिपक्व नहीं है, वहां की जनसंख्या कम है, वह आत्मनिर्भर नहीं है। अब यह कहना कि वह आत्मनिर्भर नहीं है, यह तो ठीक उसी प्रकार से है कि जैसे कभी-कभी परिवार में भी पिता-माता कहा करते हैं कि किसी बेटे को अगर वह चाहते है कि वह अपने पांव पर खड़ा न हो तो यही बहाना करते हैं कि इसको हम जुदा नहीं करेंगे, क्योंकि यह अपने पांव पर खड़ा नहीं हो सकता। अरे, जो उसकी आमदनी है वह सारी तुम बटोर लो, उसको अपने पांव पर खड़ा होने का अवसर ही न दो तो फिर वह समय कब आएगा जब वह आत्मनिर्भर होगा। क्योंकि हिमाचल के मामले में भी हमको यही कहा जाता था कि हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता क्योंकि उसके अपने आय के साधन नहीं हैं। वह आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा इसलिए उनको पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देंगे। लेकिन हिमाचल ने इन 20-25 वर्षों में यह कर दिखाया है। आज कितनी प्रगति उस क्षेत्र में हुई है और वह आत्म-निर्भरता की ओर अब बड़ी तीव्र गति से बढ़ रहा है। तो अगर पांडिचेरी को भी यह समय देंगे तभी पांडिचेरी अपने पांव पर खड़ा हो पाएगा। लेकिन जब तक आपका सोच यह रहेगा कि यह अपने पांव पर खड़े हो ही नहीं सकते...।

4.00 P.M.

ये आत्मनिर्भर हो ही नहीं सकते और जो भी वहां पर एक्साइज या दूसरी आय हो तो उसको तो पिता की तरह आप बटोर लो और फिर वहां कोई प्राकृतिक आपदा घट जाये तो उनको एक फूटी कोड़ी न दो, यह कहां का

न्याय है? इसलिए वायालार रवि जी ने जो कहा उसका मैं समर्थन करता हूं। केवल दो ही यूनियन टेरीटरी हैं और अगर आप इनको पूर्ण राज्य का दर्जा दे देते हैं, पूर्ण अधिकार दे देते हैं तो कौन-सा आर्थिक बोझ बढ़ जायेगा? मैं एक बात के लिए वर्तमान सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि उत्तराखण्ड को आपने यूनियर टेरीटरी बनाने की बात नहीं की है, उसे सीधे-सीधे राज्य बनाने की बात कही है। मुझे विश्वास है कि चुनाव के पहले ऐसा विधेयक लाकर आप उत्तराखण्ड को राज्य का दर्जा देंगे। आपको भी यह लगता है कि जो यूनियन टेरीटरी का कंसेप्ट है इसको समाप्त कर देना चाहिए। फिर पांडिचेरी के साथ सौतेला व्यवहार क्यों है और उसे पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों न दिया जाये? श्री वायालार रवि ने जो दूसरी बात कही है उससे मैं सहमत नहीं हूं। उन्होंने दिल्ली के बारे में टिप्पणी की है। मैं यहां स्पष्ट करना चाहूंगा कि दिल्ली का भी अपना एक अस्तित्व है, अपनी एक विशेषता है। इसलिए उनको इस बात में आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि दिल्ली को भी पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाये। पूर्ण राज्य का अर्थ यह नहीं है कि बाहर से या दूसरे प्रान्तों से जो हम लोग आते हैं तो उनका यहां पर आदर-सत्कार नहीं होगा। उनका यहां पर पूरा आदर-सत्कार होगा। इसलिए यह बात कहना कि दिल्ली का विषय अलग है, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। यहां पर सरकारिया कमीशन की रिपोर्ट के बारे में जिक्र करते हुए कहा गया है कि छोटे-छोटे प्रान्त बनेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा, लेकिन उसकी वायबिलटी कैसी होनी चाहिए इन सब बातों पर भी विचार करने की जरूरत है। यह तो यूनियन टेरीटरी का कंसेप्ट है इसको समाप्त कर देना चाहिए। जहां पर सरकार को लगता है कि पूर्ण राज्य बनाने की मांग उचित है तो वहां पर पूर्ण अधिकार के साथ अलग से स्टेट दिया जाना चाहिए। आप कहीं भी यूनियन टेरीटरी बनाते हैं तो वहां के रहने वाले सेकेण्ड क्लास के सिटीजन कहलाते हैं तथा उनके जनप्रतिनिधियों को भी हीन भावना महसूस होती है क्योंकि वे स्वतंत्र रूप से कोई फैसला नहीं कर पाते हैं। इसलिए मैं इस मांग पर जोर देना चाहूंगा कि पांडिचेरी के साथ न्याय किया जाये। आपने उत्तराखण्ड राज्य बनाने के लिए जो निर्णय लिया है उसका मैं स्वागत करता हूं और मुझे विश्वास है, जैसा मार्ग बन्धु जी ने कहा कि आप ऐसा अवसर नहीं देंगे कि पांडिचेरी के लोगों को आन्दोलित होना पड़े। अगर ऐसा समय भी आया तो मैं माननीय नारायणसामी जी को यह आश्वासन देना चाहूंगा कि भले ही वह पांडिचेरी से इस सदन में एकमात्र सदस्य है लेकिन वे इस मामले में अपने आपको अकेला न समझें। हम सब उनका समर्थन करेंगे। मैं स्वयं ऐसे राज्य से आता हूं जो कि बहुत लम्बे समय तक एक यूनियन टेरीटरी के रूप में माना गया। हिमाचल को भी यह कहा जाता था कि यह आत्मनिर्भर नहीं है इसलिए इसको अलग नहीं किया जा सकता है, इसको स्टेट का दर्जा नहीं दिया जा सकता है लेकिन हिमाचल के पहाड़ों में बसी जनता ने यह साबित कर के दिखा दिया कि जब हमको स्टेट हुड मिला तो उसके बाद हिमाचल ने कितनी अच्छी तरक्की की है। शायद उसी उन्नति से प्रेरित होकर उत्तराखण्ड की मांग भी आगे आई है। आप देखेंगे कि एक तरफ हिमाचल के गांव बिजली से जगमगाते हैं, वहीं उत्तराखण्ड में अंधेरा पड़ा है। मुझे विश्वास है कि जब आप उत्तराखण्ड के लिए स्टेट हुड बिल पारित कर देंगे तो उत्तराखण्ड भी उन्नति करेगा। आप उसी लाइन पर पांडिचेरी को भी स्टेट हुड का दर्जा प्रदान करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका तथा इस माननीय सदन का धन्यवाद करता हूं। अन्त में, मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि गृह मंत्री जो आपको यह अधिकार दे गये हैं कि आप इस चर्चा का जवाब देंगे तो उनकी टिप्पणी का भी ध्यान रखेंगे। श्री इन्द्रजीत गुप्त जी जब एक दल के महामंत्री थे तो उस समय भी उन्होंने अपने दल का दृष्टिकोण रखते हुए इस मांग का पुरजोर समर्थन किया था। इसलिए आप उत्तराखण्ड की तरह पांडिचेरी को भी पूर्ण राज्य का दर्जा देकर अनुगृहीत करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर माननीय उपसभाध्यक्ष जी आप को धन्यवाद देता हूं।

श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: महोदया, नारायणसामी जी जो पांडिचेरी को पूर्ण राज्य का अस्तित्व देने के लिए जो बिल लाए हैं, उसका मैं समर्थन करता हूं। कितने ही वर्षों से बार बार पांडिचेरी की जनता ने चाहे लोक सभा में हो या राज्य सभा में हो, यह सवाल उठाया है, उनके मैंबर आफ पार्लियामेंट्स ने उठाया है और उनके विधायकों ने उठाया है। लेकिन जो ध्यानाकर्षकण इस बार हुआ है उतना ध्यानार्षण इसके पहले नहीं हुआ था। इसके लिए मैं नारायणसामी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदया, मुझे बड़ा अच्छा लगा अभी यह सुनकर कि हिमाचल प्रदेश भी केंद्र शासित था और आज इस बिल का जो उत्तर देने वाले मंत्री हैं वे भी एक केंद्र शासित प्रदेश का नेतृत्व कर रहे हैं, वे गोवा के हैं। गोवा कई सालों तक केंद्र शासित प्रदेश था और वहां लेफ्टिनेंट

गवर्नर था। तो लेफ्टिनेंट गवर्नर रहने से उस प्रांत के क्या दुख रहते हैं, इसकी जानकारी हमारे मंत्री महोदय को है। वे लीडर आफ दि अपोजीशन के नाम से वहां पर काम करते थे। वे वहां विधायक के नाते भी काम करते थे और सोशल जस्टिस देने वाले नेता के रूप में भी काम करते थे। पूरा विश्वास है चाहे आज गृह मंत्री यहां नहीं हैं, लेकिन ये मंत्री महोदय और सरकार की जिम्मेदारी कलेक्टिव होती है, जिन्होंने यह दुख खुद सहन किए हैं, वे दुख वे पांडिचेरी की जनता को देने का प्रयास नहीं करेंगे और आज वे यह आश्वस्त करेंगे कि हम आपको भारत सरकार की ओर से राज्य देना चाहते हैं। इस तरह का आज वे आश्वासन देंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। बोम्मई जी भी कह रहे हैं कि हम सोचेंगे शायद ऐसा कुछ बोल रहे हैं। मुझे पूरा पता नहीं है।

श्री एस०आर० बोम्मईः गोवा इंडिपेंडेंट स्टेट ...(व्यवधान)...

श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिन्देः हां, रहेगा ना।

श्री एस०आर० बोम्मईः महाराष्ट्र में नहीं रहेगा, कर्नाटक में आएगा।

श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिन्देः बिल्कुल नहीं जाएगा। फाजिल अली कमीशन लगाया। स्टेट के विकेन्द्रीकरण की बातें हो रही थी। महाराष्ट्र और कर्नाटक में अभी तक बार्डर डिस्प्यूट की चर्चा चल रही है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि चाहे अरूणाचल हो, मणीपुर हो, त्रिपुरा हो, चाहे मिजोरम हो ये सब राज्य जो हैं उनके बार्डर कौन से हैं? उनके बार्डर परदेशी कन्ट्रीज हैं। भारत के अंदर उनका बार्डर नहीं है। ऐसी स्थिति में स्टेट की सिक्योरिटी का सवाल आता है। जैसा कि अभी दत्ता जी ने यहां कहा कि पुलिस पर ज्यादा खर्चा आता है, यह बात सही है। जब भारत सरकार यह बात सोचती है कि अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर हम एक स्वतंत्र राज्य चाहते हैं तो क्या पांडिचेरी जैसे राज्य में जिसका बार्डर - श्रीलंका वहां से दूर है बीच में समुद्र आ गया है तो अगर बार्डर देखा जाए तो केरल का बार्डर है, अगर वहां बार्डर देखा जाए तो आंध्र का बार्डर है, अगर देखा जाए तमिलनाडु का बार्डर है तो इसमें क्या दिक्कत है? जब यहां के लोग प्लानिंग कमीशन में आते हैं, राज्य का पूरे साल का खर्चा चलाने के लिए तो वहां का जो बजट है वह केंद्र शासित अधिकारी ही बनाते हैं। इस मामले में वे स्वतंत्र हो ऐसा हमारा कहा है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। गोवा एक स्वतंत्र राज्य हो गया। गोवा राज्य ने, मैं इसे जुगाड़ नहीं कहूंगा, लेकिन उसने किस तरह से नये नये टैक्स लगाए हैं ...(व्यवधान)... अच्छा किया है या बुरा किया है लेकिन वह राज्य ने खुद किया है। उसने अपने रिसोर्स मोबलाइजेशन के लिए सोशली क्या होता है मैं इसका जिक्र नहीं करूंगा लेकिन रिसोर्स मोबलाइजेशन इज वेरी इम्पार्टेन्ट फार दि स्टेट। तो यहां क्या होता है, यहां आपके सेन्ट्रल गवर्नमेंट के जो अधिकारी हैं...

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल): मैडम जिस बारे में आप बोल रहे हैं, उस बारे में मेरा एक क्लेरीफिकेशन है।

किस तरीके से आप रिसोर्स मोबिलाइजेशन करेंगे, यह कोई मानने वाली बात नहीं है। अब थाईलैंड में या साऊथ ईस्ट एशिया में सेक्स टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है, उसके बारे में कोई एतराज नहीं रहना चाहिये, क्या आपका ऐसा मानना है?

श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्देः नहीं नहीं। आपको सोचना होगा कि किस मर्यादा तक जाना चाहिये। इसीलिए मैंने बोला कि मोरेलिटी क्या है। आप सेक्स टेक्सेशन के बारे में कहते है सिंगापुर में, बैंकाक में..(व्यवधान)

श्री नीलोत्पल बसुः रिसोर्स मोबिलाइजेशन कैसे होगा, अगर यह कंडीशन नहीं होगी तो what is politically, morally and ethically acceptable for the country and the people has to be taken into consideration.

SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHA-JIRAO SHINDE: I will just put a question to my friends, through you, Madam: What is the tax on lottery? Lottery is immoral. But every State has been utilising the tax on lottery and this was one of the main sources in the beginning. There was some agitation when the question or levying taxes on lottery came up. इसलिए

हमें यह तय करना होगा। कई ऐसी स्टेट्स हैं वहां सुविधाएं क्या हैं, कैसे रिसोर्स मोबिलाइजेशन कर सकते हैं। जब तक आप स्टेट्स को अधिकार नहीं देंगे, वह स्वतंत्र बुद्धि कैसे लगा सकेंगे? (व्यवधान)

श्री नीलोत्पल बसुः मेरा एक ही प्वाइंट था क्योंकि आपने गोआ को रेफर किया है। गोआ ही शायद अकेला ऐसा राज्य है जहां पर कुछ हद तक [illegible] साऊथ

ईस्ट एशिया में प्रोब्लम आ रहा है, ट्युरिज्म संबंधी वहां भी सवाल आ रहा है। **(व्यवधान)**

श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: वहां कोई प्रोब्लम नहीं आ रहा है। आपको पूरा पता नहीं है। मैं वहां बहुत बार जाता हूं। मेरे नज़दीक का स्टेट है। उनको भी पता है कोई प्रोब्लम नहीं आ रहा है। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): अब आप पांडिचेरी पर बोलिये। गोआ को छोड़ दें। गोआ की समस्या जब आएगी..**(व्यवधान)**

SHRI S.R. BOMMAI: My friend was the Finance Minister in the State of Maharashtra, the richest revenue yielding State.

SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHA-JIRAO SHINDE: He was also my colleague at that time, Madam. I remain as I am and he has gone far ahead. महोदया, सब से बड़ी बात यह है कि जब स्टेटहुड मिलता है तो खुद को रिसोर्स मोबिलाइज़ेशन का अधिकार मिलता है। आखिर भारत ने स्वतंत्रता हासिल की। गुलामी में रह कर, स्लेवरी में रह कर भी हिन्दुस्तान चल सकता था लेकिन हमने अंग्रेजों भारत छोड़ो की मांग क्यों की? हम कानफेडरेशन में रह कर या प्रजा सत्ता में रह कर हमारे स्टेट के बारे में नहीं सोचते हैं तो मैं समझता हूं कि यह भी एक दूसरा हमारे लिए जुल्मी सत्ता का अधिष्ठान हो सकता है। मैं कह रहा था कि जब डिविज़ीबिल पूल की बात आएगी, तो अपने को गाडगिल फार्मूले से कितना पैसा मिलता है? 10 परसेंट देते हैं। कितने पर देते हैं? स्टेट को अर्निंग पर देते हैं। जो केन्द्र शासित प्रदेश है, उसका रेवेन्यू अर्निंग कितना होगा? उस पर गाडगिल फार्मूले के हिसाब से कितना पैसा मिलेगा? वह हिल्ली स्टेट तो नहीं है जैसे हिमाचल प्रदेश की बात हो रही थी। हिल्ली स्टेट्स का फार्मूला अलग है। उस फार्मूले का भी पैसा नहीं मिलता है। हमने देखा है जो एटोमिक रिसर्च सेंटर के वहां से रोड जाती है पांडिचेरी के लिए वह रोड भी ठीक नहीं है जबकि नेशनल हाईवे है। मैं यह इसलिए कहना चाहता हूं कि स्टेट में जब भी कोई इस तरफ की बातें चलती हैं तो उसका अच्छा सुझाव ला कर उसको सुविधा देने का सरकार का काम होता है। चाहे उत्तराखंड हो, चाहे झारखंड हो और चाहे मध्य प्रदेश का कहीं विभाजन हो, कई पक्षों ने, कई पोलिटिकल पार्टीज़ ने छोटे छोटे राज्यों की बात की। श्रीलंका की जनसंख्या कितनी है, बुलगारिया की जनसंख्या 10 लाख है, रोमानिया को ले लीजिये, मालदीव की जनसंख्या पांच लाख भी नहीं है। वह राष्ट्र बन सकते हैं, नेशन बन सकते हैं, कंट्री बन सकते हैं और हमारे तमिलनाडु के नज़दीक का प्रान्त जहां से हमारे नारायणसामी जी जैसे एक्टिव मैम्बर आफ पार्लियामेंट आते हैं, चाहे मुंबई हो, बंगलौर हो चाहे दिल्ली हो वहां के सदस्य भी इतना एजीटेट नहीं करते हैं अपने प्रश्नों के लिए, देश के प्रश्नों के लिए उनसे ज्यादा नारायणसामी जी असली स्वामी बन कर यहां काम करते हैं। ऐसी एक अच्छी मांग उन्होंने की है। वह जनता की मांग है। वह केवल उनकी मांग नहीं। मुझे बड़ी खुशी होती है कि नारायणसामी जी इतने जोर से किसी अपने प्रश्न पर मैं यह देख रहा था कि सब सदस्यों से जाकर पूछ रहे थे—क्या आपको लगता है। वह प्रेशर नहीं दे रहे थे। क्या लगता है पांडिचेरी का राज्य बनाने में, यह पूछते थे। तो हमको बड़ी खुशी होती है कि एक ऐसा हमारा साथी है जो असलियत से पूछता है—क्या लगता है आपको और जब "क्या लगता होता है" पूछता है तो खुद खड़े होकर यहां के सदस्य इस पर बात कर रहे हैं और उनको समर्थन दे रहे हैं। मालूम होता है कि यह पूरे सदन की राय है कि पांडिचेरी को स्टेटहुड का अधिकार देना सरकार को तय करना होगा। मैं पोलिटिकल बात नहीं करूंगा। लोगों को दिक्कतें हैं। मैं अभी पूछ रहा था कैसे जाते हो। वहां एयरपोर्ट है क्या? छोटा सा एयरपोर्ट है प्लेन भी नहीं जाता है और वहां पहुंचने के लिए दो दिन लगते हैं। जब अपना खुद का स्टेटहुड रहेगा तो अच्छी तरह से वहां पर एयरपोर्ट हो सकता है। कोई दूसरी सुविधा हो सकती है और रिसोर्स मोबिलाइजेशन सबसे अच्छा होता है। जो अधिकार उस सरकार को हमने दिए हैं वे अधिकार कहां तक दिए है। दादरा नागर हवेली की बात हो या पांडिचेरी की बात हो—दादरा नागर हवेली तो बहुत छोटा है जहां सेंट्रल गवर्नमेंट की टेरिटरी में आने वाले छोटे स्थान हैं उनमें आता है लेकिन पांडिचेरी तो ऐसा स्थान है जहां अभी उसको अधिकार दे दें। तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह भारतवर्ष का एक समर्थशील प्रांत होगा और अपने खुद के पैरों पर रिसोर्स मोबिलाइजेशन करेगा, शिक्षा का प्रबंध करेगा और अपने खुद के पैरों पर अपने देश के साथ जाने के लिए एक समर्थशील राज्य होगा और लोगों को साथ लेकर चलेगा। मुझे पता है कि तामिलनाडु में या उनके भी किसी हिस्से में टेरोरिज्म के आने जाने वाले वहां भी हो सकते हैं..**(व्यवधान)**..

श्री वी. नारायणसामी: लिट्टे

श्री सुशील कुमार संभाकजीराव शिन्दे: लेकिन यहां दिल्ली में बैठकर कितना कंट्रोल कर सकेंगे। दिल्ली से फोर्स मंगाएंगे चाहे सी.आर.पी.एफ. हो या कोई हो। एस.आर.पी.एफ. तो स्टेट की होती है। लेकिन मिलिट्री भी मंगानी होगी तो कहीं-कहीं इसके लिए ऐसा भी होता है कि स्टेट के लिए समर्थन नहीं मिलता है। इसलिए मैं समझता हूं कि चाहे ला एण्ड आर्डर की सिचुएशन हो चाहे रिसोर्स मोबिलाइजेशन की हो चाहे आतंकवाद से झगड़ना हो तो इसके लिए स्वतंत्र स्टेट का दर्जा लेने में एक विशेषता होती है ताकि अपने राष्ट्र की--बात हम करें। कोई केंद्र शासित सत्ता के लोग दूसरे राष्ट्र की बात न करें। यही स्वतंत्रता है। महोदया, आपने स्वतंत्रता की बात कही, वही स्वतंत्रता होती है। हम स्वतंत्रता में भी रहकर फिर केंद्र शासित बनें, किसी के अंकित बनें यह बात ठीक नहीं है। आज उनका पूर्ण तरफ से बाउंड्री पर कोई झगड़ा नहीं है जैसे महाराष्ट्र और कर्नाटक में आज भी बाउंड्री पर डिसप्यूट चल रहा है, न बोम्बई जी जगह छोड़ने के लिए तैयार हैं न हम भी छोड़ने के लिए तैयार हैं। यह झगड़ा चलता रहा है फाजिल अली कमीशन से ..(व्यवधान) आजकल उनकी मिनिस्ट्री में बहुत जोर से चलता है। मैं तो उनको थोड़ी विनती करूंगा कि आप हमारे प्रधान मंत्री को बोलिए कि जैसे उत्तराखंड की बात करते हैं, पांडिचेरी को भी जो एक बैकवार्ड एरिया है, समर्थन दे दें।

श्री वी.नारायणसामी: जनता दल उनका समर्थन कर रहा है। उनके पार्टी मैनीफैस्टो में है। जनता दल के मैनीफैस्टो में है।

श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: वह जनता दल के मैनीफैस्टो में है, एक अच्छी बात आपने कही। यह सरकार समाजवादी विचारों की सरकार है और इस विश्वास से मैं इस बिल का समर्थन करते हुए सरकार से इतना ही कहूंगा कि वह राज्य पश्चिम की ओर का एक अकेला रह गया है गोआ के बाद तो उसके लिए अच्छी तरह से आप शुभेच्छा से भेंट दे दें कि हम नयी सरकार में आए हैं तो एक छोटा राज्य बनाकर जा रहे हैं। यही आपका संदेश इस देश के लिए अच्छा रहेगा। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं फिर दोबारा नारायणसामी को धन्यवाद देता हूं और इस बिल का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

SHRI NILOTPAL BASU: Madam Vice-Chairman, at the very outset, I would like to make it very clear that we are not opposed to the grant of Statehood to Pondicherry or this Bill which Narayanasamyji has introduced. "But, at the same time, I think I have to respond to certain questions that have been raised in the course of the debate, mainly, the sweeping analogies that are being made vis-a-vis the smaller States, vis-a-vis Ut-tarakhand and vis-a-vis so many other parts of this country. I think it is not doing justice with the seriousness and gravity of the question of re-organisation of States, the question of decentralised administration and the "question of proper resource mobilisation for overall economic development of the country. All these things are being treated in a very sweeping and cavalier manner.

Madam, there is almost a consensus in the House that in the 50th anniversary year of our independence, one major question that is bothering all of us is the question of uneven development. Though the planning process in the country started much before independence and it has suffered many twists and turns since then, still for a country.of 960 million, we cannot claim and we cannot reassure our conscience in the 50th year of our independence, that it has really yielded what we intended in the course of our freedom struggle. All the areas, all the regions have not developed uniformly. There are areas where there is a major concentration of backwardness,-unemployment and hunger. It is a general phenomenon. But there is also a regional pattern about the incidence of this socio-economic phenomenon. In certain areas, it is concentrated, it is focussed.

The point is, as a democratic polity, how we should address these basic questions of socio-economic equality so that no citizen in any part of the country, irrespective of his caste, creed or religion, feels that he is being discriminated against and that he is not an equal partner in the journey of independent development that India has embarked upon. The kind of feeling that we are all equal partners, has to. be instilled.

Now, a multinational country like India, a multilingual country like India, with its process of formation of States, process of formation of Autonomous Councils, process of develution and decentralisation of power, cannot be compared with some of the references that were being made here, for example, of Bulgaria and some other smaller European states. It cannot be done. It cannot be compared to China. Though we are similar in size, yet on questions of nationality and other things we are quite different. Very complex social, economic, ethnic and cultural categories are involved in this. Therefore, I think, when we discuss Pondicherry, we should discuss Pondicherry only, taking into consideration the concrete specifics on the basis of which the demand is arising. People are generally congratulating the Government for the Uttarakhand decision. There are different forces which are supporting the demand of formation of the Uttarakhand State. There are political forces which from the outset had opposed the very idea of reorganisation 'of States on linguistic basis. There are forces which from the beginning had propagated the idea of formation of smaller States. Therefore, in today's political context, in today's socio-economic context and in cultural context, in a country like India, should we advocate formation of smaller States? Generally, I am responding to some of the suggestions which have come up in the course of this debate. I think it will be disastrous for India. It cannot be done. For different regions, for different areas, different solutions have to be found out. For example, in the State of West Bengal, there is an area which is dominated by an ethnic minority which is a majority in a particular region—three subdivisions of the Darjeeling hills. At the point of time, there was a slogan of becoming separate from the country. Then, alternative suggestions were made. The question of statehood came up. Then we proposed that the question of addressing the specific cultural and ethnic diversities of this region can be addressed in terms of a properly equipped autonomous district council. While in many areas of the country the separatist urge of such move ments could not be properly tackled politically, in Darjeeling it could be tack led. Now, there is a proper political integration and they feel part of the mainstream, and at the same time, there is a properly organised Autonomous Council which is the Darjeeling Gorkha Hill Council. Similarly, in Tripura, there\ has been the Tribal Autonomous Districts Council. So, you have within the provi sions of the Constitution itself appropri-' ate instruments for addressing the con cerns and the aspirations of the people. This general formulation that ony state hood and nothing short of statehood is necessary, is a very wrong idea. That is what we generally observe.

The second point which I would like to make is this. Apart' from the social, linguistic and national questions, the , question of economic sustainability is very important. In fact, Shindeji was actually raising very relevant questions regarding divisible pool and the question of resource mobilisation. Another aspect of addressing this problem equitably is the question of actually defining Centre-State economic relations and what will be the areas available to the States for mobilising the resources. In the process that we have adopted since Independence, in the kind of Centre-State relations, the framework of Centre-State re-lations, there is a probolem. In every -State, irrespective of parties, I tell you,,* there is a feeling that the State Govern-ments are not having adequate powers. So, I think many avenues are open to us' to address many of these questions. What| I feel is that in some cases the States cannot become economically sustainable always. That question should also have to be properly examined before delaing with all these questions. It cannot be done in such a perfunctory manner. Finally, there is another context. I would like to ask

one thing from those who are supporting the demand for Uttarakhand. We know that there is already a demand for Gor-khaland. Similarly, there is also a demand for Jharkhand. Shri Bommai is here and I would like to ask: Will the Janata Dal support Jharkhand also? I would also ask Shri Bommai, if today Belgaum people say that they are not part of Kamataka and that they would go to Maharashtra, would that demand be supported? There are other areas. There is Chattisgarh in Madhya Pradesh, Vid-arbha in Maharashtra. you see, it has a chain reaction. Therefore, will you take this kind of a decision? I think, a discussion is necessary. It cannot be decided in a perfunctory manner. The issue has many sides. All these factors will have to be taken into consideration in a holistic manner. Only then that kind of a decision can be taken.

Finally, I would like to assure the House and Particularly the mover of this Bill Shri V. Narayanasamy we as a party are not opposed to giving statehood to Pondicherry *per S6.* I think, it is very wrong and dangerous to draw simplistic analysis. Thank you very much.

डा॰ रणबीर सिंह (उत्तर प्रदेश): मैडम, मैं श्री वी॰ नारायणसामी जी के इस बिल की सपोर्ट में खड़ा हुआ हूं, जिसके ज़रिए पांडिचेरी के लिए स्टेटहुड की डिमांड उन्होंने रखी है।

मैडम, पांडिचेरी 300 साल तक फ्रांस के कब्जे में रहा और 1954 में जब रिफ्रैडम हुआ तो वहां के लोगों ने हिन्दुस्तान के साथ जुड़ने का निर्णय लिया और मैं समझता हूं कि वे लोग कुछ आशाओं के साथ और हिन्दुस्तान की हुकूमत व हिन्दुस्तान की फिलासफी को सोचते हुए हिन्दुस्तान के साथ जुड़े होंगे. वहां की पापुलेशन 10 लाख है. उस स्टेट के अंदर असेम्बली है, उस असेम्बली में स्पीकर है, चीफ मिनिस्टर है, लेफ्टिनेंट गवर्नर है, लेकिन यह सब एक तरीके से ड्रामा है, एक असेम्बली का। स्पीकर अपनी रूलिंग वहां देते हैं, रेज़ोल्यूशन्स पास होते हैं लेकिन उन रेज़ोल्यूशन्स की कोई कीमत नहीं है जब तक कि वहां का एल॰जी॰ उनको ओ॰के॰ न कर दे। लेफ्टिनेंट गवर्नर को वीटो की पावर होना इस जमाने में और डेमोक्रेटिक जमाने में—जब हम हिन्दुस्तान की डेमोक्रेसी की बात करते हैं और कहते हैं कि हम हर चीज डेमोक्रेटिक तरीके से करना चाहते हैं तो वहां वीटो की कोई गुंजाश्रश नहीं होनी चाहिए—उस स्टेट के लिए बड़ी बदकिस्मती की बात है. वहां के लिए यह बड़ी बदकिस्मती की बात है कि वहां अभी भी वीटो का इस्तेमाल होता है, गांधी जी तो कहा करते थे कि ग्राम स्वराज होना चाहिए, हर गांव एक छोटी यूनिट होनी चाहिए जो अपने सारे काम करे, जो सब तरफ की व्यवस्था अपने गांव की करे और एक तरीके से गांव एक सेल्फ गवर्निंग यूनिट होनी चाहिए। गांधी जी का इस तरह का सपना था। लेकिन हम लोग 10 लाख लोगों की स्टेट को एक ऐसे ड्रामे की तरह से चला रहे हैं कि वहां सारी चीजें होने के बावजूद भी वीटो पावर का इस्तेमाल हो रहा है। एक तरीके से दो हुकूमतें हैं वहां। वहां कुछ डिपार्टमेंट स्टेट के अंडर आते हैं कुछ सैंटर के अंडर आते हैं। वहां चीफ सैक्रेटरी हैं और एक तरीके से वहां जो हुकूमत चल रही है, वह चीफ सैक्रेटरी के ज़रिए चल रही है। हिन्दुस्तान की हुकूमत, दिल्ली से या होम मिनिस्ट्री से, इतनी दूर से उसको कंट्रोल करती है कि उसमें ऐफिशिएंसी बिल्कुल नहीं रह जाती। कुछ स्टेट के मुलाज़िम हैं कुछ सैंटर के मुलाज़िम हैं, उनके पे-पेरिटी का सवाल है, उनके राइट्स का सवाल है वह क्या देखें और क्या न देखें। जैसे दिल्ली में एक तरीके से बिजली स्टेट के पास नहीं है। अब तक डी॰टी॰सी॰ भी स्टेट के पास नहीं थी, डी॰डी॰ए॰ स्टेट के अंदर में नहीं है तो दो पेरेलल् हुकूमत यहां स्टेट के अंदर चल रही थीं। इसी तरीके से जो भी सैंट्रली एडमिनिस्टर्ड यूनियन टेरिटरीज़ हैं वहां दो पेरेल्ल हुकूमतें चलती हैं। कुछ डिपार्टमेंट्स एक के पास हैं, कुछ दूसरे के पास हैं और कोआर्डिनेशन की बड़ी भारी कमी है। मैं समझता हूं कि ऐसी हालत में ऐफिशियेंसी नहीं रहती और जब वहां इनऐफिशियेंट हुकूमत रहेगी तो स्टेट का डेवलपमेंट नहीं हो सकेगा। वहां के लोगों को जरूरत पड़ेगी तो उनको दौड़कर दिल्ली आना पड़ेगा हर बात के लिए यह बड़ी मुश्किल बात है। इस वजह से दिल्ली भी सफर कर रही है। दिल्ली के लोग भी कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें भी अलग राज्य का दर्जा मिले। वे लोग मांग कर रहे हैं कि उनकी अपनी असेंबली होनी चाहिए और उन्हें कानून बनाने का अधिकार होना चाहिए। जितने भी डिपार्टमेंट्स की वहां जरूरत है, वे उनके अधिकार क्षेत्र में होने चाहिए। अभी वे भी रेज़ोल्यूशंस पास करते हैं अपनी असेंबली में, वे वीटो होकर खत्म हो जाते हैं। मैं समझता हूं कि यह एक तरह से समय की बरबादी है।

महोदया, मैं समझता हूं कि डेमोक्रेसी में वीटो की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अभी हम इस मामले में दो तरह का बर्ताव कर रहे हैं। एक तो बड़ी-बड़ी स्टेट्स हैं जो पूरी तरह से अपना काम देख रही हैं और 4-6 स्टेट्स ऐसी हैं जहां यूनियन टैरिटरी के तौर पर काम चलाया जाता है। वहां उपराज्यपाल है, चीफ-सेक्रेटरी है और ज्यादातर हुकूमत वहां सेंटर के जरिए, होम-मिनिस्ट्री के जरिए चलाई जाती है। इस तरीके से स्टेट का पूरा डेवलपमेंट नहीं हो सकता है। वहां जो भी डेवलमेंट के प्लान हैं, वे पूरी तरह से कामयाब नहीं हो सकते हैं। उपराज्यपाल वहां कुछ दिनों के लिए जाते हैं। उनका कोई परमानेंट इंट्रस्ट उस यूनियन टैरिटरी में नहीं होता क्योंकि वह तो उनका एक टर्म है, उस टर्म के बाद उनकी पोस्टिंग किसी दूसरी जगह हो जाएगी। वे उस स्टेट की उतने अच्छे तरीके से हिफाजत या देखभाल नहीं कर सकते जितना कि वहां कि जनता द्वारा चुनी हुई हुकूमत कर सकती है। जो लोग बाहर से वहां जाते हैं उनको उस जगह से उतना लगाव नहीं हो सकता। वे तो एक तरीके से अपनी ड्यूटी निभाने वहां जा रहे हैं। लेकिन जो वहां के चुने हुए नुमाइंदे हैं, उनको तो अपने लोगों से, अपनी जमीन से, अपनी स्टेट से लगाव होता है। जो बाहर के लोग वहां डेप्यूट किए जाते हैं किसी खास पीरियड के लिए, उनको उस स्टेट में ज्यादा इंट्रस्ट नहीं होता है इसलिए वे उस इलाके का इंट्रस्ट पूरी तरह से नहीं देख सकते हैं। जैसा कि कई सदस्यों ने जिक्र किया है, आबादी के हिसाब से, ऐरिया के हिसाब से कई जगहें ऐसी हैं जो पांडेचिरी से किसी तरीके से बड़ी नहीं हैं, बल्कि छोटी हैं लेकिन उनको हमने स्टेट का दर्जा दिया है।

अभी मैं सुन रहा था कि एक ओर तो हिन्दुस्तान में कुछ बड़ी-बड़ी स्टेट्स हैं जैसे उत्तर प्रदेश है। वह बड़ी स्टेट है कि उसको ठीक तरह से संभालना कठिन है। पूरब वाले अपना इंट्रस्ट देखते हैं, पश्चिम वाले अपना इंट्रस्ट देखते हैं और हर तरीके की परेशानी रहती है। हुकूमत लखनऊ में है तो हाई-कोर्ट इलाहाबाद में है और लोगों को तमाम परेशानियां होती हैं।

मैं चाहता हूं कि स्टेट्स का रिआर्गेनाइजेशन हो । मैं यह नहीं कहता कि बहुत छोटी स्टेट्स बनें लेकिन ऐडमिनिस्ट्रेटिवली कामयाब हो सकें, ऐसी स्टेट्स बननी चाहिए। आप जानती हैं कि हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश कभी एक हुआ करते थे। उस वक्त डेवलपमेंट हुआ, उससे कई गुना ज्यादा डेवलपमेंट हरियाणा और पंजाब के बाइफरकेशन के बाद हुआ। इसलिए हमें फिर से रिआर्गेनाइजेशन कमीशन बिठाना चाहिए जो स्टेट्स को ठीक से बांटे। मुझे यह बात समझ में नहीं आती कि पांडिचेरी को क्यों यूनियन-टैरिटरी बना रखा है। क्या इसमें पांडिचेरी का फायदा है या हिंदुस्तान की हुकूमत का फायदा है? हर पार्टी इस बात की हिमायत कर चुकी है कि इसको स्टेट का दर्जा दिया जाए। जो लोग आज हुकूमत में बैठे हैं वह भी एक टाईम यह सोचते थे कि पांडिचेरी को स्टेटहुड मिलना चाहिए। इसमें मुझे कुछ मसलिहत नजर नहीं आ रही है, इसमें मुझे कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है। न सेंटर का फायदा है, न स्टेट का फायदा है तो ऐसी चीजों को हम क्यों कंटीन्यू कर रहे हैं, क्यों नहीं स्टेटहुड ग्रांट करते हैं। मैं इसके साथ नारायणसामी जी के इस बिल को सपोर्ट करता हूं और आपने मुझे टाईम दिया इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

SAHRI K. RAHMAN KHAN (KARNATAKA): Madam, I support the Bill moved by hon. Member, Mr. Naray-anasamy, about Statehood to Pondicher-ry. Pondicherry has its own history and the people of Pondicherry have their own culture. There they speak Tamil but still they maintain their own culture which-they have inherited for the last 300 years. We are a Federal State and there should not be a system where the Centre will administer certain territories. This is the basic concept of our Constitution. The people of Pondicherry have been demanding Statehood right from 1970. We must appreciate them that they have-not started an agitation. They are pursuing, with the Centre and it has become the duty of the Centre to respect the senti ments of the people of Pondicherry. For all practical purposes, the people of Pon-dicherry elect their representatives to the Assmebly and the Assembly elects its Chief Minister. The entire system is already prevalent and there is nothing which the Centre has to do except to grant Statehood and instead of posting a Lieutenant governor, they will have to post a Governor. Now, the question which is often raised is why Statehood

should be given to a small territory consisting of 10 lakh population. Population has never been consideration for granting Statehood. If population is the only consideration, probably, we would not have creatdd so many States in the North Eastern region. It is a strategy or it is more particularly to support the aspirations of the people. A small State also will be able to contribute and raise resources, better than a bigger State. They will be able to tackle their problems in a better way than any large State where we are seeing how problematic they are. By giving Statehood to Pondicherry, Pondicherry could be developed as a viable sector for attracting NRIs and foreign capital. It has got all the potential to develop into a very good centre for "industrialisation.

Pondicherry has a lot of natural resources. As you know, the ONGC had found oil wells there. I am referring to the Cauvery Basin in Karaikal. Therefore, the question that they would not be able to raise their own resources does not arise.

Another thing is: why should a large population, a population of one million, living far away from Delhi, be dependent on Delhi for everything? A pertinent question was asked by Dr. Ranbir Singh. He asked: 'Why is Statehood not being granted to Pondicherry?; What the Centre is going to gain by not giving Statehood to Pondicherry?'

Madam, the concept of Union Ter-. ritories should go. The- scheme of Union Territories has no place in our federal ' system, particularly, when we are thinking of giving powers to the people. It was towards this end that the Panchayati Raj system was introduced. Today, the concept of village as the unit of administration is being developed. When such thinking is there, why should not Pondicherry be fonferred Statehood?

Therefore, I support the Bill moved by Mr. Narayanasamy. I would request the Central Government to grant Statehood to Pondicherry, as it is the policy of the present Government to examine the demands of various States, based on the aspirations of the local people. Thank you.

PROF. NAUNIHAL SINGH (UTTAR PRADESH): Madam Vice-Chairman, this is a very important matter which has come before this House.

Madam, Pondicherry was under the French rule for three hundred years. In 1954, there was a *de facto* transfer of Pondicherry to the Indian Union In 1964, there was a *de jure* transfer. Right from 1954, there has been a representative Assembly. In 1954, the new Assembly under the Union Territories Act was formed.

The Union Territory consists of Pondicherry and karaikal, near Tamil Nadu; Mahe, near Kerala; and Yanam, near Andhra Pradesh. The total population is about ten lakhs. The Assembly has 30 constituencies. The Cabinet consists of 6 Ministers, including the Chief Minister. The Lt. Governor is the Head of the state. It is surprising,m Madam, that the civil servants are recruited by the Home Ministry, up to the level of IAS officers; the lower grade officers are appointed at the State level. Right from 1970 till date, the Pondicherry Legislative Assembly has been passing resolutions for the grant of Statehood to the Union territory but so far, since then, the Government of india has not acted upon them.

The peculiar feature of the Administration is that the total Administration is controlled by the Home Ministry. The Lieutenant governor is all-powerful. Whatever decision is taken by the Council of Ministers is to be ratified by the Lieutenant Governor. The Lieutenant Governor has the veto power as well. Therefore, the elected representatives have no legal sanction, though the will of the people is to prevail in any democracy. Under sections 24 and 25 of the Union

Territories Act, the Lieutenant Governor is all-powerful. The Chief Minister and the Council of Ministers have to be under the mercy of the Lieutenant Governor.

The IAS officers are running a parallel Government because they have no accountability to the State since they are controlled by the Home Ministry. So, actually they are not interested in the welfare of the people and in running the Union territory in a very nice manner, as it should be, for the welfare of the people.

A lot of development has taken place in Pondicherry. Industries are coming up. Though we are generating funds by way-of excise duties and sales tax, the entire money is being taken away by the Central Government. Madam, it appears that in this matter the Central Government is functioning like the British rule—the Britishers who used to take awsy all the incomes accrued through various taxes from the people but hardly employed them in the various activities and projects for the welfare of the people—and the contribution to the State's exchequer is quite negligible. There is a theory floated by the Government of India, suggesting that if it is a Union territory, it would be getting more funds. But this is a hoax. That is not the case as far as Pondicherry is concerned. We have attained buoyancy as far as revenue collections are concerned. Whatever matching' grant the Government of India gives, that itself is sufficient for us to run the Administration. Pondicherry is a model State where more power should be given to the elected representatives, making bureaucrats accountable to the people. We will further improve the face of administration withoug being controlled by the Home Ministry.

We will have our own Staff Selection Commissionm, Election Commission and Finance Commission for the purpose of coantrolling the Administration. Now it is not possible.

as far as administration is concerned, the Government servants in the State have to suffer because no new post can be created or no promotion can be given without the consent of the Government of India. Almost all the Government officials are affected by the existing pay anomalies. They are unable to solve them for reasons best known to them. Hence there is no motivation in the present Government servants. Therefore, the people of Pondicherry and all the political parties feel that it is high time that Statehood is granted to the Union territory of Pondicherry and the Government of India should agree for the same.

Therefore, Madam, I strongly suuport; the State of Pondicherry Bill, 1992 moved by hon. Shri V. Narayanasamy, Member of this august House. This Bill is very important and Statehood for Pondicherry should be conceded by the Government of India without any hitch and hassle.

Thank you.

डा० जगन्नाथ मिश्र (बिहार): महोदया, वी० नारायणसामी जी ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है, उसका बड़ा ही सामयिक महत्व है। प्रधानमंत्री जी ने 15 अगस्त को उत्तराखंड की जनभावनाओं को देखते हुए उत्तराखंड राज्य बनाने की घोषणा की है, भारत सरकार ने एक नया राज्य बनाने का जिम्मा लिया है, उस संदर्भ में पांडिचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए, यह मामला बनता है। एक माननीय सदस्य ने यह बताया कि 1954 से लगातार यह यूनियन टैरोटरी है और उसे जो अधिकार अब तक दिये गये हैं वहां के जनप्रतिनिधियों को जो शक्तियां दी गई हैं, वह लोकतांत्रिक ढांचे के लिए लोकतांत्रिक अवधारणा के लिए दुखद हैं। जनप्रतिनिधियों को अधिकार नहीं हो, वहां के मुख्य मंत्री, वहां की मंत्री-परिषद् वहां के उपराज्य की मर्जी पर, दया पर हों, उनके निर्णय किसी भी समय निरस्त किये जाएं उपराज्यपाल के माध्यम से, यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक स्थिति है। यही पांडिचेरी के बारे में कहा जा रहा है। पांडिचेरी की तरह दूसरे राज्य भी यूनियन टेरीटरीज़ के रूप में थे। उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया चाहे वह मणिपुर का मामला हो। चाहे त्रिपुरा का मामला हो, चाहे अरूणाचल का मामला हो, चाहे

मेघालय का मामला हो, चाहे गोआ का मामला हो। यह सभी पहले केन्द्र शासित प्रदेश थे, यूनीयन टेरीटरीज़ थे। जब इनको राज्य का दर्जा दिया गया तो कोई कारण नहीं है। कोई औचत्यि नहीं है कि पांडिचेरी को राज्य का दर्जा न दिया जाए। इस समय क्या स्थिति है? पांडिचेरी में उद्योग लग रहे हैं। वहां पर विकास के काम हो रहे हैं। परन्तु यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि उनके अपने जो आन्तरिक आय के स्रोत हैं, वे सभी केन्द्र सरकार के पास आते हैं और गृह मंत्रालय का अधिकार निक व्यापक है कि राज्य शासन या यूनीयन टेरीटरी जो वहां है वह काम कर रही ही नहीं सकती। जन प्रतिनिधियों का कोई अधिकार वहां पर बनता नहीं है। जो वित्त आयोग की ओर से अनुशंसाएं की जाती हैं अनुच्छेद 275 के अन्तर्गत, उनसे भी पांडिचेरी को वंचित होना पड़ता है। जो आमदनी होतीह वह भी पर्याप्त हो, अगर वह पूर्ण रूप से उसके अधीन होता खर्च करने के लिए, अन्य राज्य की तरह उसे केन्द्रय करों में हिस्सा दिया जाता और अन्य राज्यों की तरह धारा 275 के अन्तर्गत अनुदान दिया जाता तो पांडिचेरी की स्थिति आज बेहतर होती, अच्छी होती। इसलिए जो स्वामी जी ने विधेयक प्रस्तुत किया है आज की परिस्थितियों में बड़ा ही महत्वपूर्ण है। पांडिचेरी को राज्य का पूर्ण दर्जा दिया जाए और दूसरे राज्यों की तरह से उसे भी कार्य करने दिया जाए। वहां की आबादी 10 लाख से ज्यादा है वहां भी पंचायती राज्य व्यवस्था लाई जा रही है। वह भी देश की मुख्य धारा के साथ बराबरी का सांझेदार हो सके और वहां के जन-प्रतिनिधियों को यह मालूम पड़े कि देश के अन्य नागरिकों की तरह ही अधिकार का उपयोग कर रहे हैं जैसा आप सब कर रहे है। इसलिए आज जो भेद-भाव इस समय पांडिचेरी के साथ चल रहा है, वह उचित नहीं है।

दूसरी बात हम यह कहना चाहते हैं कि 1956 में राज्यों को पुनर्गठन हुआ था। आज काफी दिन बीते गये, लगभग 40 साल हो चुके हैं, आज की परिस्थिति में ऐसी भावनाएं देश में उभर रही हैं इसलिए इस विधेयक का समर्थन करते हुए हम भारत सरकार का ध्यान, प्रधानमंत्री जी का ध्यान राज्यों के पुनर्गठन के विषय पर खींचना चाहते हैं। आज विभिन्न राज्यों में इस बात की मांग हो रही हैं कि राज्यों का पुनर्गठन किया जाए चाहे वह पश्चिमी बंगाल हो, चाह महाराष्ट्र हो, चाहे मध्य प्रदेश हो या उत्तर प्रदेश हों। इन सभी राज्यों में नये सिरे से राज्यों की मांग की जा रही है। बिहार में झारखंड आन्दोलन काफी दिनों से चल रहा है। राज्यों के पुनर्गठन का मामला है, आज सारे देश के राज्यों के पुनर्गठन के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन होना चाहिये। जो जन भावनाएं है, क्षेत्रीय स्तर पर लोग अपना विकास चाहते हैं जो बड़े राज्यों की वजह से हर क्षेत्र का विकास नहीं हो पाता है, उसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार को विचार करना चाहिये। एक शक्ति संपन्न राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया जाए। (व्यवधान)

श्री नीलोत्पल बसु: एक मिनट।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) क्या बात है?

SHRI NILOTPAL BASU: Will we continue after five o'clock?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Yes.

SHRI NILOTPAL BASU: Till?

THE VICE-CHAIRMAN (SMT. KAMLA SINHA): if the Minister is ready to reply today and if Members agree to sit for a little while more, we can finish it

SHRI V. NAYARANASAMY: Madam, 1 want that the Home Minister should reply to this. This is the demand I made in this House.

SHRI NILOTPAL BASU: madam, there is a convention that after 5 o' clock, we do dot take up a Private Member's Bill.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप कितना समय लेंगे?

डा॰ जगन्नाथ मिश्र: हमारे भाषण को अगले दिन जारी रखा जाए। हमारे भाषण के बाद ही गृह मंत्री जी का भाषण हो।

THE VICE-CHAIRMAN (SMT. KAMLA SINHA): You are of your legs. You will continue next time. The House is adjourned till 11 a.m. on 2nd September, 1996.

The House then adjourned at one minute past five of the clock till eleven of the clock on Manday, the 2nd September, 19%.